## विशेष रिपोर्ट

# बेस मेटल

## मई 2023




एल्युमीनियम • तांबा • लेड • जिंक

moneywise. be wise.

एलएमई पर, अप्रैल में तांबें की कीमतों को 4.4% की गिरावट का सामना करना पड़ा, जो जून-22 के बाद से इसका सबसे बड़ी मासिक गिरावट है, क्योंकि चीन में सख्त कोविड-19 प्रतिबंधों को हटाने के बावजूद धातुओं की मांग में सुस्त गति से बढ़ोतरी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में चीन की मैनुफैक्चरिंग गतिविधि अप्रत्याशित रूप से कम हो गई, जिसके कारण वैश्विक मांग और संपत्ति की लगातार कमजोरी के बीच कोविड के बाद संघर्ष कर रही अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नीति निर्माताओं पर दबाव बढ़ रहा है। चीन की ओर से मांग में अनुमान से कमजोर रिकवरी, जहां सेवाओं का विस्तार हुआ लेकिन अप्रैल में मैनुफैक्चरिंग कम हुई है, बेस मेटल की कीमतों पर दबाव डाल रही है जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों में तेजी से बढ़ती ब्याज दरों के कारण अमेरिकी बैंकों की विफलताओं की एक श्रृंखला से भी कीमतों पर दबाव पड़ा।

**आउटलुक**


- मिले-जुले फंडामेंटल के कारण बेस मेटल की कीमतें अलग-अलग दिशाओं में कारोबार कर सकती हैं। वैश्विक मंदी का बढ़ता डर, शीर्ष उपभोक्ता चीन में सुस्त मांग और आपूर्ति में सुधार से बाजार पर दबाव पड़ सकता है। लेकिन, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा आक्रामक सख्ती की प्रक्रिया में ठहराव की संभावना के बाद डॉलर के कमजोर होने से कीमतों को समर्थन मिल सकता है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इस वर्ष की दूसरी छमाही में धीमा होने या यहां तक कि मंदी की चपेट में आने की संभावना है और बैंक पर वित्तीय जोखिमों का प्रभाव बना रह सकता है।
- बैंकिंग संकट अभी तक हल नहीं हुआ है, और बाजार में जोखिम से बचने का सेंटीमेंट अभी भी मजबूत है, जो बेस मेटल बाजार पर बहुत नीचे की ओर दबाव डाल रही है।
- चीन में बिजली, प्रॉपर्टी और परिवहन सेक्टर की ओर से तांबे की खपत को लेकर कमजोर आउटलुक के कारण भी बाजार के सेंटीमेंट पर दबाव देखा जा रहा है।
- इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप के अनुसार वैश्विक स्तर पर तांबे के बाजार में 2022 में 142,000 टन और 2023 में 352,000 टन का सरप्लस रहने का अनुमान है।
- चीनी इलेक्ट्रोलाइटिक क्षमता के निरंतर विस्तार और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में नए और विस्तारित संचालन के कारण वैश्विक स्तर पर रिफाइंड तांबे का उत्पादन 2022 में लगभग 4.3% और 2023 में 3.6% बढ़ने की उम्मीद है।
- धातु प्रसंस्करण संयंत्रों की उपग्रह निगरानी के आंकड़ों से पता चलता है कि रखरखाव के लिए चीनी परिचालन बंद होने और उत्तरी अमेरिका में संयंत्रों के धीमा होने के कारण वैश्विक स्तर पर तांबा गलाने की गतिविधि अप्रैल में दो साल के निचले स्तर पर आ गई।
- वर्ल्ड ब्यूरो ऑफ मेटल स्टैटिस्टिक्स के आंकड़ों से पता चलता है कि शंघाई के गोदामों में तांबे का भंडार 13 जनवरी से 134,919 टन तक कम होकर अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया है, जो पिछले साल चीन की वार्षिक मांग के तीन दिनों से अधिक के बराबर है।
- इंटरनेशनल जिंक एवं लेड स्टडी ग्रुप के अनुसार रिफाइंड जिंक धातु की वैश्विक मांग 2023 में आपूर्ति से अधिक हो जाएगी, वर्तमान में घाटा 45,000 टन रहने का अनुमान है।
- समूह ने कहा कि 2023 में रिफाइंड लेड की वैश्विक मांग, आपूर्ति से 20,000 टन अधिक हो जाएगी।
- संगठन ने कहा कि रिफाइंड लेड धातु की वैश्विक मांग इस साल 1.7% बढ़कर 12.53 मिलियन टन होने का अनुमान है, जबकि विश्व स्तर पर खदानों से लेड का उत्पादन 2.8% बढ़कर 4.56 मिलियन टन होने का अनुमान है।

**अप्रैल-2023 में बेस मेटल की कीमतों में बदलाव(%)**




स्रोत : एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

**जनवरी-अप्रैल 2023 में बेस मेटल की कीमतों में बदलाव**




स्रोत : एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

बेस मेटल

एल्युमीनियम

## एल्यूमीनियम




## एमसीएक्स में एल्युमीनियम का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर एल्युमीनियम वायदा पिछले हफ्ते नीचे आकर 208.05 पर बंद हुआ। पिछले दो हफ्ते से कीमतें 202-215 रू के कम दायरे में कारोबार कर रही हैं। अब कीमतें 18 दिनों के मूविंग एवरेज 208.5 से नीचे कारोबार कर रही हैं। अब छोटी अवधि में अगला तत्काल रेजिस्टेंस 215.00 पर है, और इस स्तर से ऊपर बने रहने की स्थिति में 230/245 की ओर अच्छी बढ़त देखी जा सकती है। यदि यह 203.00 के तत्काल सपोर्ट स्तर से नीचे टूटती है तो यह क्रमश: 187/172 तक नीचे की ओर बढ़ सकती हैं। कुल मिलाकर एल्युमीनियम की कीमतों के अपने रेजिस्टेंस स्तर से नीचे जाने की उम्मीद है। इसलिए हम मौजूदा माह में कीमतों में बढ़ोतरी पर बिकवाली करने की सलाह देते हैं।

तांबा

## तांबा




## एमसीएक्स में तांबा का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर तांबा वायदा पिछले सप्ताह 743.60 पर बंद हुआ है। अब कीमतें 740 के साप्ताहिक ट्रेंड लाइन के सपोर्ट और रेजिस्टेंस 730 से 799 के बीच कारोबार कर रही हैं । अब तत्काल रेजिस्टेंस 763 पर है। यदि कीमतें 763 की तत्काल रेजिस्टेंस से ऊपर जाती है तो यह 799/830 की ओर बढ़ सकती है । यदि कीमतें 763 के रेजिस्टेंस स्तर से ऊपर बरकरार रहने में असफल रहती है, तो निकट भविष्य में नीचे की ओर 730/710 के स्तर की ओर जा सकती है। कुल मिलाकर कमोडिटी के अपने सपोर्ट स्तर से ऊपर जाने की उम्मीद है।

## लेड





## एमसीएक्स में लेड का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर लेड वायदा पिछले हफ्ते कम होकर 183.80 पर बंद हुआ है। वर्तमान में कीमतें 18 दिनों के ईएमए स्तर 183.55 से नीचे कारोबार कर रही हैं। मोमेंटम ऑसिलेटर स्टोकैस्टिक (14,3,3) अब सकारात्मक विचलन देख रहा है और छोटी से मध्यम अवधि के लिए तेजी का रुझान भी प्रदान कर रहा है। अब 186 पर महत्वपूर्ण रेजिस्टेंस देखा जा रहा है, इस स्तर से ऊपर कारोबार करने पर इस महीने में 192/200 की ओर तेजी देखी जा सकती है और यदि कीमतें 179.50 के सपोर्ट स्तर से नीचे बनी रहती हैं तो 174 एवं 169 की ओर क्रमश: नीचे तक जा सकती है।

## जिंक




## एमसीएक्स में जिंक का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर जिंक वायदा पिछले सप्ताह कम होकर 238.15 पर बंद हुआ है। वर्तमान में कीमतें 200 दिनों के ईएमए स्तर 273.85 से नीचे और साप्ताहिक स्तर पर कम होती सपोर्ट ट्रेंड लाइन स्तर 260 से नीचे कारोबार कर रही हैं। इसलिए पिछले हफ्ते चार्ट पर तेजी के रूझान वाला हैमर पैटर्न बना हुआ है। अब तत्काल सपोर्ट 231.50 के नजदीक है । यदि कीमतें 231.50 के स्तर से नीचे टूटती है, तो नीचे की ओर 215/200 की ओर लुढ़क सकती है और यदि कीमतें तत्काल रेजिस्टेंस 240 के स्तर से ऊपर रहती है और स्थिर बनी रहती है, तो क्रमश: 260/275 की ओर बढ़ जाएगी।

**आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com**

moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।